आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 *फरवरी* 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- कल से शुरू हुआ संसद का बजट सत्र, दोनों सदनों में प्रस्तुत हुए आर्थिक सर्वेक्षण में बेरोजगारी दर घटने के संकेत, आज देश का आम बजट प्रस्तुत करेंगी केंद्रीय वित्त मंत्री
- प्रय ागराज महाकुंभ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान को लेकर की जा रही हैं व्यापक तैयारियां, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और एक सौ सोलह देशों के राजनयिक आज महाकुंभ में लेंगे हिस्सा
- न्यायिक आयोग ने कल प्रयागराज और और संगम घाट का किया दौरा, महाकुंभ की व्यवस्था और प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के साथ की बैठक
- गाजीपुर में कल हुए एक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**********

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज देश का आम बजट प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने कल संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया। इस सर्वेक्षण में बताया गया है कि वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस चौबीस की वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर दो हजार सत्रह अठारह के छह प्रतिशत से लगातार घटकर दो हजार तेईस चौबीस में तीन दशमलव दो प्रतिशत हो गई है। वित्त मंत्री ने कल नई दिल्ली स्थित अपने कार्यालय में बजट बनाने की प्रक्रिया में शामिल सचिवों और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। इस बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे।

इससे पहले कल बजट सत्र की शुरूआत पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष दो हजार सैंतालिस तक देश की भावी पीढियां, निश्चित रूप से एक विकसित, सुदृढ, सक्षम और समृद्ध भारत बनकर उभरेंगी।

***विकसित भारत के विजन में जनभागीदारी का सामूहिक समर्थन देश की आर्थिक उन्नचति का रोड मैप है। डिजिटल क्रन्ति के रूप में टेक्नोमलोजी की ताकत है और आधुनिक इंफ्रास्ट्रषक्च।र आधार भी है।***

बजट सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया को संबोधित किया । उन्होंने उम्मीद जताई कि यह बजट विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा।

***मैं विश्वास से कह सकता हूं कि 2047 जब आजादी के 100 साल होंगे, विकसित भारत का जो संकल्प देश ने लिया है, ये बजट एक नया विश्वास पैदा करेगा, नई ऊर्जा देगा, कि देश जब आजादी के 100 साल मनाएगा, तब विकसित होकर रहेगा। 140 करोड़ देशवासी अपने सामूहिक प्रयास से इस संकल्प को परिपूर्ण करेंगे।***

इस बार के बजट से सभी वर्गों को काफी आशाएं हैं। वाराणसी के आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर सुशांत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि–

***नई शिक्षा नीति नेशनल एजुकेशन पालिसी में हम एजुकेशन को रिडिलाइन कर रहे है। हमने उनको इंटर्नशिप प्रोग्राम से जोड़ा है। इतने सारे बच्चे है जिनको पढ़ाना है, लिखना है और सीखना है तो इसके लिये सरकार से सहयोग की अपेक्षा करते है और उम्मीद करते है कि हम इस बार बजट में कम से कम 6 प्रतिशत जीडीपी का हमें एजुकेशन में मिलेगा।***

कृषि क्षेत्र के लोग भी बजट को लेकर काफी आशांवित है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बृजेंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बजट में छोटे किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में कल एक करोड़ बयासी लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। इस तरह तेरह जनवरी से लेकर कल तक महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या करीब साढ़े इकतीस करोड़ हो गई है। तीन फरवरी को होने वाले बसंत पंचमी के अमृत स्नान को लेकर वहां व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि सरकार के निर्देश पर मेला प्रशासन जीरो एरर व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है।

***सर्वाधिक भीड़ वाले इलाके में, ज्यादा से ज्यादा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा बल के साथ मौजूद रहने को कहा गया है। वहीं बॉर्डर एरिया में पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की तैनाती की जायेगी। अमृत स्नान के दौरान संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ को रोकने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इसके अलावा कई स्तरों पर बैरिकेडिंग की जाएगी और डायवर्जन प्लान को लागू किया***

*जाएगा। वहीं अमृत स्नान के दिन कोई भी वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। 2 फरवरी और 3 फरवरी को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में डायवर्जन लागू किया जाएगा। प्रवीण मिश्र, आकाषवाणी समाचार, प्रयागराज।*

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बमरौली एयरपोर्ट पर श्री धनखड़ का स्वागत करेंगे।

विदेश मंत्री एस.जयशंकर के साथ अमेरिका, बांग्लादेश, जापान, जर्मनी, रूस और यूक्रेन समेत एक सौ सोलह देशों के राजनयिक भी आज महाकुंभ पहुंचेंगे। एक रिपोर्ट–

***राजनयिक आज प्रयागराज आएगें और गंगा यमुना और सरस्वती नदियों के संगम में पवित्र स्थान करेंगे। वे अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर का भी दर्शन करेंगे। इसके बाद डीजिटल महाकुंभ अनुभूति केन्द्र के माध्यम से राजनयिक आधुनिक तकनीक के जरिए से महाकुंभ की गइराई को समझेगें। इसके अलावा वे अखाड़ों के परंपराओं और आध्यात्मिक संस्कृति से भी रू ब रू होगें। इससे पहले भी दस देशों के प्रतिनिधि मंडल महाकुंभ का दौरा कर त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया था। दीपेन्द्र कुमार आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज***

महाकुंभ आ रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का दबाव वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में भी बना हुआ है। इसे देखते हुए पांच फरवरी तक दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में श्रद्धालुओं से न आने की अपील जा रही है।

**********

महाकुंभ की घटना के कारणों की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने कल प्रयागराज और संगम घाट का दौरा कर घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच की। उन्तीस जनवरी को तड़के महाकुंभ के संगम क्षेत्र में हुए इस हादसे में तीस लोगों की जान चली गई थी और करीब साठ लोग घायल हो गए थे। एक रिपोर्ट–

***तीन सदस्य आयोग का नेतृत्व कर रहे हैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश हर्ष कुमार ने संगम नोज का दौरा किया जहां बुधवार को घटना हुई थी। इस दौरान प्रयागराज के डीआईजी वैभव कृष्ण उन्हें घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम महाकुंभ की व्यवस्था और प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के साथ भी आयोग ने बैठक की। आयोग एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्यि सरकार को सौंपेगा। साथ ही भविष्यै में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अपनी सिफारिश भी देगा। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

**********

गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र के पास कल सुबह एक पिक अप और डंपर की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई और करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये। गाजीपुर की जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि सभी घायलों का इलाज कराया जा रहा है।

***एक पिक अप वाहन में श्रद्धालु प्रयागराज से कुंभ स्नान करके लौट रहे थे। पिक अप ड्राइवर जो सेफ है उसने बताया कि कुल चौबीस यात्री इस पिक अप वाहन में थे। और उसका डाला पीछे का जो पोर्शन था वह एक डंपर में लगा और कुछ यात्री उसमें से गिरे और डंपर के नीचे आ गये और उनकी मौत हो गई। छह मृतक हुए हैं इस हादसे में और तेरह लोग घायल हैं जिनको हम लोगों ने भेजा है जिला अस्पताल।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं।

**********

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश की पुरुष बीच हैंडबॉल टीम ने कांस्य पदक जीतकर राज्य को पहला पदक जिताया है। वहीं वुशू खिलाड़ी मोहित थापा ने ननदाओ स्पर्धा में रजत पदक जीतकर यूपी को दूसरा पदक जिताया है।

**********